राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार

STATE ELECTION COMMISSION, BIHAR

सत्यमेव जयते

पत्र संख्या- पं0नि0 30-03/2024 – 129

प्रेषक,

विशेष कार्य पदाधिकारी,
राज्य निर्वाचन आयोग, बिहार।

सेवा में,

जिला दण्डाधिकारी-सह-
जिल निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत)
भोजपुर।

पटना, दिनांक – 12/01/2024

विषय : भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड–गड़हनी के पंचायत समिति सदस्यों द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव हेतु विशेष बैठक के संबंध में।

प्रसंग : आपका पत्रांक 62 दिनांक 06.01.2023

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि प्रासंगिक पत्रों द्वारा भोजपुर जिलान्तर्गत प्रखंड-गड़हनी के पंचायत समिति सदस्यों द्वारा लाये गये अविश्वास प्रस्ताव हेतु विशेष बैठक के संबंध में मार्गदर्शन की माँग की गई है।

विदित हो कि अविश्वास प्रस्ताव के विशेष बैठक के संचालन में राज्य निर्वाचन आयोग की कोई भूमिका नहीं है। जिला पदाधिकारी द्वारा अधिनियम एवं नियमावली में निहित प्रावधान के अन्तर्गत अविश्वास प्रस्ताव का बैठक का संचालन कराना अपेक्षित है। अविश्वास प्रस्ताव के विशेष बैठक के उपरान्त केवल फलाफल प्रतिवेदित करने हेतु आयोग का पत्रांक 4497 दिनांक 30.12.2023 प्रेषित किये गये हैं, जिसके साथ संलग्न विहित प्रपत्र में प्रतिवेदित किया जाना है। ताकि निर्वाचन कराये जाने हेतु निर्णय लिया जा सके। सन्दर्भित पत्र की प्रति पुनः संलग्न की जा रही है।

उल्लेखनीय है कि अविश्वास प्रस्ताव के मामले में बिहार पंचायत राज अधिनियम, 2006 की धारा 157 में जिला पदाधिकारी को शक्तियाँ प्रदत्त की गई हैं, ताकि इनके संचालन में कोई अनियमितता नहीं हो सके।

अनुलग्नक : यथोक्त।

विश्वासभाजन,
12/01/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक - पं0नि0 30-03/2024 – 129 पटना, दिनांक – 12/01/2024

प्रतिलिपि, आई.टी. मैनेजर को आयोग के वेबसाईट पर पत्र अपलोड कराने हेतु प्रेषित।

12/01/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

ज्ञापांक - पं0नि0 30-03/2024 – 129 पटना, दिनांक – 12/01/2024

प्रतिलिपि, सभी जिला पदाधिकारी-सह-जिला निर्वाचन पदाधिकारी (पंचायत) (भोजपुर को छोड़कर) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

12/01/24
विशेष कार्य पदाधिकारी।

Sone Bhawan, Third Floor, Birchand Patel Marg, Patna - 800 001 Phone : 2506826, 2506917, 2506844, 2506994 Fax : 0612 - 2507847 E-mail : secbihar@gmail.com

10.1.24